हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 14 जून 2024

06 बैतूल को 1008 विकास कार्यों की सौगात देंगे ...



07 स्वस्थ जीवन जीने के लिए होगा 21 जून को...





### जिले के किसान संगठनों के पदाधिकारियों को नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने दी सलाह

# पर्यावरण और भूमि की गुणवत्ता की रक्षा के लिए अन्नदाता जैविक खाद का उपयोग करें

पर्यावरण और खेती युक्त भूमि की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए अन्नदाताओं को कृषि कार्य में जैविक खाद का उपयोग करना चाहिए। जैविक खाद अनाज को शत प्रतिशत शुद्ध बनाए रखता है जिससे मानव स्वास्थ्य को भी लाभ होता है। यह बात गुरूवार को नवनिर्वाचित सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने जिले के किसान संगठन के पदाधिकारियों से कही।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने जिले के किसान संगठन के पदाधिकारी से कहा कि वह नई उर्वरक एनपीके को बढ़ावा देने के लिए, एनपीके की उपयोगिता की समझाइए किसानों तक पहुंचाएं। किसानों को एनपीके की जानकारी दे। श्री चौधरी ने कहा कि इस वर्ष डीएपी मिलने में दिक्कत होगी तो सभी किसान डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके का उपयोग अपने खेतों में करें। श्री चौधरी ने किसान संगठनों से कहा कि वह स्वयं और खुद आगे आकर किसानों को छोटे तालाबों का महत्व समझा कर छोटे-छोटे तालाब बनाएं, छोटे तालाब जल स्त्रोत के बहुत बड़े वाहक होते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण को भी बढ़ावा दिया जाए। जगह-जगह तालाब के किनारे, मेढ़ में एवं अन्य जगहों पर अनिवार्य रूप से पौधारोपण किया जाए। सांसद ने कहा कि सभी किसान अपनी क्षमता अनुसार 2 से ढाई एकड़ के खेत में जैविक खेती करें। खेतों में कीटनाशकों का प्रयोग बिल्कुल ना करें। साथ ही नरवाई भी ना जलाएं। प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है इसलिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। सभी किसान संकल्प लें कि वे जैविक खेती करके पौधारोपण को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा जिला मूंग के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यह प्रसिद्धी बरकरार रहनी चाहिए। सभी के सहयोग से खेती किसानी में जो भी छोटी-मोटी समस्याएं आती हैं उसका हम मिल बैठकर निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और हमारा जिला आदर्श खेती के लिए भी प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान कीटनाशक का ज्यादा प्रयोग ना करें। उल्लेखनीय है कि आज कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में डीएपी की जगह एनपीके को बढ़ावा देने के लिए किसान संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि किसान डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके का उपयोग करें, उन्होंने सभी किसान संगठनों से कहा कि वह इस उर्वरक की जानकारी सभी को किसानों को दे। इस बात की जानकारी सभी किसानों तक पहुंचाएं। कलेक्टर ने कहा कि जब भी हम कुछ नया प्रयोग करते हैं तो कुछ परेशानी होती है लेकिन एनपीके पूरी तरह परखा हुआ उर्वरक है। कलेक्टर ने कहा कि किसान मानसिक रूप से तैयार रहे उन्हें एनपीके से कोई भी परेशान नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एनपीके का प्रयोग करने के लिए टेक्निकल रूप से किसान आगे आए। कलेक्टर ने कहां की सहकारी बैंकों की व्यवस्था की चिंता प्राथमिकता से की जा रही है। सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वर्तमान में 45प्रतिशत अक्रियाशील बैंक खाते हैं। सहकारी बैंक की देनदारी बढ़ रही है। कलेक्टर ने किसानों की मांग पर ट्राईब्रो ड्रमा उपलब्ध कराने के लिए कृषि अधिकारियों को जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय से बात करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व उपसंचालक कृषि जेआर हेडाउ ने बताया कि एनपीके में नाइट्रोजन फास्फोरस दोनों है, एनपीके का उपयोग सभी किसान करें। किसान संगठनों ने सांसद एवं कलेक्टर को आश्वासन दिया कि वह एनपीके उर्वरक की उपयोगिता की जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे। बैठक में किसान संगठनों ने उपयोगी सुझाव दिए। बताया कि एनपीके का ज्यादा ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। अभी किसानों की मानसिकता डीएपी खाद की है, मानसिकता बदलने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने बताया कि मूंग में फफूंद नाशक दवा डाली जा रही है, इससे जमीन जहरीली होती जा रही है। कुछ किसान संगठनों ने सुझाव दिया कि किसानों को कृषि यंत्र पर्याप्त मात्रा में दिए जाएं। कस्टम हायरिंग सेंटर अनुपयोगी है। उन्होंने ऋण माफी योजना में विसंगति एवं मृत किसानों को वसूली का नोटिस देने से संबंधित समस्याएं सामने रखी। कलेक्टर ने किसानों से अपेक्षा की, कि आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है। अतः सभी किसान संगठन राहत एवं बचाव कार्य में अपना अमूल्य सहयोग दें। सभी किसान संगठनों ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी स्थिति आने पर राहत एवं बचाव कार्य में आगे आकर जिला प्रशासन का सहयोग करेंगे।

### सांसद ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का किया रोपण

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने गुरुवार को उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विभाग के कार्यालय के समीप आम अमरूद नींबू आंवला चीकू और अन्य विभिन्न प्रजातियों के 10-10 पौधों का रोपण किया। परिसर में कुल 100 पौधे लगाए गए, सांसद ने सभी कृषि संगठनों के पदाधिकारी के नाम से अलग-अलग पौधे लगाए और कहां की जल स्त्रोतों को बचाना एवं पर्यावरण का संरक्षण करना हमारा मूल कर्तव्य है। अत जल स्त्रोत को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण करना चाहिए। बैठक में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सोमनाथ तिवारी, प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा, प्रांतीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भार्गव, प्रांतीय मंत्री भूपेंद्र सिंह तोमर, प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# वन और राजस्व सीमा विवाद के निराकरण करें

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वन एवं राजस्व सीमा विवाद, वन व्यवस्थापन, वन क्षेत्र में अतिक्रमण, वन भूमि पर संगठित अवैध कटाई, उत्खनन आदि के प्रभावी निराकरण के लिए कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टास्क फोर्स को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए वन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निचले स्तर पर समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वन एवं राजस्व सीमा विवाद का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए।

वन भूमि पर अतिक्रमण, उत्खनन एवं परिवहनों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। खुफिया तंत्र को प्रभावी रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गस्ती कर विद्युत लाइनों को ट्रैकिंग से रोकने तथा समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्र से जाने वाली विद्युत लाइनों में ट्रिपिंग की जानकारी से वन विभाग के स्थानीय अमले को अनिवार्य रूप से अवगत कराया जाए। बताया गया कि बनखेड़ी में कुछ स्थानों पर वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण है, जिसमें वन विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त सीमांकन की कार्यवाही सुनिश्चित कि जाए। बैठक में बताया गया कि ग्राम डागपुरा, खाकरापुरा के ग्रामीणों द्वारा 2022 से अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिससे विस्थापन का कार्य प्रभावित हो रहा है, अतः टास्क फोर्स द्वारा यह अतिक्रमण हटाया जाना है। जिससे विस्थापन का कार्य सफलतापूर्वक किया जा सके। कलेक्टर ने बनखेड़ी, इटारसी बानापुरा, सुखतवा वन क्षेत्र की सीमाओं पर राजस्व क्षेत्र में अग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# मंगलवारा घाट पर युवाओं ने की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला नर्मदापुरम के अंतर्गत चयनित नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंगलवारा घाट नर्मदा तट पर श्रमदान व सफाई अभियान ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय के मार्गदर्शन किया गया। मंगलवारा घाट बहुत ज्यादा अव्यवस्थित था, यहां देखा गया की, दशाक्रम करने वाले लोग इस घाट पर अपने उतरे कपड़े, अंग वस्त्रों को घाट पर छोड़ जाते है, मुंडन के बाद बालो को काटकर घाट परा ही फेक जाते है, जिससे आम दर्शनार्थी एवं स्नान करने आय लोगो को असुविधा होती है। सभी संस्थायो के प्रतिनिधियों द्वारा घाट पर क्रियाकर्म कराने वाले पंडित, बाल काटने वाले से निवेदन किया की घाट पर दशाक्रम के लिए आने वाले लोगो को समझाया जाए की घाट पर कपड़े आदि न छोड़े साथ ही बालो को भी नर्मदा में या घाटों पर न फेंके । सदस्यो ने इस बात को वहां की पार्षद को भी अवगत कराया एवं उनसे आग्रह किया कि वे इस समस्या का उचित प्रबंध कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। पार्षद ने आश्वासन दिया कि वे नगर पालिका स्तर पर उचित कार्यवाही शीघ्र कराई जाएगी। अभियान में पूर्व पार्षद विजया कदम, श्याम सुंदर मोटवानी, पार्षद वार्ड नंबर 27 की पार्षद बिंदिया संतोष मांझी, वीणापाणि संगीत एवं सामाजिक संस्था नर्मदापुरम से आनंद नामदेव, अमित नामदेव, आदित्य नारायण आदि रहे मौजूद।

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल में शिक्षकों का 360 डिग्री प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षकों की क्षमता, जागरूकता और शिक्षण गुणवत्ता सुधार हेतु एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान के उद्देश्य से 360 डिग्री प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। 12 और 13 जून दो दिवसीय 360 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। जिसमे उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षण कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण, दृष्टिकोण के प्रति सम्मान, व्यक्तिगत विकास, नेतृत्व क्षमता का विकास, बहुआयामी प्रतिभा का विकास, क्रियात्मक गतिविधि द्वारा शिक्षण कौशल, समृद्ध बहुआयामी परिप्रेक्ष्य, आलोचनात्मक विचार, सही मूल्यांकन व अवलोकन करना शामिल रहा। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। ट्रेनिंग प्रोग्राम के मुख्य अतिथि के रूप में जूही चटर्जी डायरेक्टर व मोना चटर्जी प्राचार्य उपस्थित रहे। ट्रेनिंग तीन भागों में आयोजित की गई।

### प्री प्राइमरी ट्रेनिंग बिंदु रहे

असेंबली टाइम, स्टोरी टाइम, टीचिंग विथ ब्लैकबोर्ड ,एक्टिविटी टाइम, नोट्स गिविंग एंड क्लास इनविजीलेशन।




प्राइमरी के टॉपिक रहे एंटरिंग क्लासरूम और सेटलिंग द स्टूडेंट्स , स्टार्टिंग ए न्यू चैप्टर इन-इंग्लिश,मैथ्स, हिंदी ग्रामर, गिविंग नोट्स ऑन ब्लैकबोर्ड, होमवर्क प्लैनिंग एंड चेकिंग (डे वाइज सब्जेक्ट एलोकेशन), चेकिंग डाइट चार्ट एंड मेंटेनिंग डिसिप्लिन ड्यूरिंग रिसेस, वे ऑफ़ अप्रिशिएशन फॉर डिफरेंट एक्टिविटीज।

### मिडिल, हाई और हायर सेकेंडरी के टॉपिक रहे

ट्रेनिंग स्टूडेंट टू मेक बुलेट प्वाइंट, ट्रेनिंग स्टूडेंट्स टू मेक सेल्फ नोट्स, ट्रेनिंग स्टूडेंट्स टू मेक क्वेश्चन आंसर फ्रॉम बिटवीन द टेक्स्ट, ट्रेनिंग स्टूडेंट्स टू रिप्रेजेंट देयर आंसर्स इन बेटर वे, एक्टिविटी बेस्ड टीचिंग इन ऑल सब्जेक्ट्स, वैल्यू बेस्ड टीचिंग/इंक्लूजन का वैल्यूज ड्यूरिंग लेक्चरर्स, ट्रैफिक एंड डिसीप्लिन मेंटेनेंस। दूसरे दिवस मुख्य अतिथि डॉ.आशीष चटर्जी द्वारा ट्रेनिंग की समाप्ति पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए रामायण प्रसंग का उदाहरण देकर चरित्र निर्माण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रत्येक शिक्षक को कम से कम 5 मिनट बच्चों के साथ मूल्य शिक्षा पर बात करनी चाहिए। शिविर जनरल मैनेजर सोनल सोखी,स्कूल वाइस प्रीसिंपल लक्ष्मी पलोहिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। संचालन अरुणा सराठे व रचना तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

# जीवनभर का साथ निभाने का संकल्प घर पहुंचने से पहले ही टूट गया

### बारात के साथ घर लौट रहे दूल्हे की ट्रेन से गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दो जिंदगी ने परिणय सूत्र में बंधकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया लेकिन किसी को यह भी अहसास न था कि घर पहुंचने से पहले यह संकल्प अधूरा ही रह जाएगा। दरअसल नर्मदापुरम के सोहागपुर में एक परिवार में दूल्हे की मौत से खुशी का माहौल मातम में बदल गया। दुल्हा बनकर घर से निकले युवक की लाश कांधों पर वापस आई। दो दिन पहले जिस युवक की बारात जीवन संगिनी को लेकर निकली थी। गुरुवार को उसी युवक की लाश को अर्थी पर शमशान घाट जाते देख लोगों की आंखें में नम हो है। शहर के मुक्तिधाम में युवक का अंतिम संस्कार हुआ।

### यह पूरा मामला

सोहागपुर के सिंधी कॉलोनी निवासी राकेश पिता मोहनदास रामचंदानी की शादी 11 जून को जलगांव में हुई। राकेश का विवाह पचोरा की लड़की से हुआ था। 11-12 जून की दरमियानी रात को शादी के बाद पूरा परिवार बारात लेकर जलगांव वापस गरीबरथ एक्सप्रेस से आ रहे थे। परिवार के सदस्य बाराती और दुल्हा-दुल्हन ट्रेन के अलग अलग कोच में थे। कुछ लोग खंडवा भी उतरे थे। जब ट्रेन खंडवा से निकली। कुछ देर बाद दुल्हा अपनी धर्मपत्नी को शौच का कहकर सीट से टॉयलेट की ओर निकला था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। ट्रेन इटारसी पहुंची तो परिजनों ने राकेश को ढूंढा। लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने इटारसी जीआरपी में ट्रेन से गिरने की सूचना दी। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। बुधवार सुबह सुरगांव बंजारी के पास ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना रेल पुलिस को मिली। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे, कोट-पेंट पहने युवक की शिनाख्त राकेश रामचंदानी के रूप में हुई। कुछ घंटे पहले 7 जन्मों तक साथ निभाने का वादा करने वाले पति की मौत की खबर सुनते ही नवेली दुल्हन बेसुध हो गई। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खंडवा जिला अस्पताल में पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बुधवार रात को शव सोहागपुर लाया गया। आज गुरुवार को उसका अंतिम संस्कार हुआ।

### दूल्हे की गेट से गिरने की आशंका

जीआरपी के एएसआई अन्नीलाल पटेल ने बताया कि राकेश की शादी जलगांव में हुई थी। गरीबरथ एक्सप्रेस से पूरा परिवार और दूल्हा-दुल्हन जलगांव से इटारसी के लिए बैठे थे। आशंका है कि राकेश गेट के पास आया होगा। इस दौरान चलती ट्रेन से सुरगांव बंजारी के पास गिर गया। सुबह ट्रैक पर शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही परिजन आते तो राकेश की शिनाख्त हुई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। इस समय वर और वधु पक्ष के लोगों में मातम छाया हुआ है। दोनों ही परिवार स्तब्ध हैं कि आखिर यह हादसा कैसे घटित हो गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करने में जुटी हुई है। जांच के बाद ही दूल्हे की मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी ने कहा...

# मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खेलों से विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास होते हैं। यह बात गुरूवार को ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी ने उपस्थित खिलाड़ियों से कही। विदित हो कि मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग उमा पटेल के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन निशुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण शासकीय सीएम राइज आरएनए स्कूल खेल मैदान पिपरिया एवं हैंडबाल ताइक्वांडो का प्रशिक्षण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में दिया जा रहा है ।



प्रशिक्षण शिविर में आज अतिथि के रूप में शालेय जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम वंदना रघुवंशी एवं दीपक चंद्रोल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं राज्य स्तरीय सुब्रतो कप के लिये चयनित सीएम राइज आरएनए स्कूल पिपरिया की अंडर 17 बालिका टीम को बधाई एवं शुभकामनायें दी। रघुवंशी ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि कोच आपको तकनीकी ज्ञान दे सकते है मगर अपने खेल में सुधार के लिए मेहनत आपको स्वयं करनी होगी जिससे आपके खेल में निखार आएगा। खेलों के माध्यम से ही जीवन में अनुशासन भी सीखने को मिलता है। शिविर में खिलाडियों को नियमित प्रशिक्षण कोच सचिन पुर्विया, निशा ठाकुर, राशिद शाह, कपिल मेहरा, आयुष कुशवाहा, शिवम पुर्विया द्वारा दिया जा रहा है। शिविर में विकासखंड खेल प्रभारी अरविंद शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वयक प्रीतम सिंह पुर्विया, विकासखंड खेल प्रभारी बनखेडी कालिराम अहिरवार, उदित पटेल कबड्डी एवं अन्य खिलाडी उपस्थित रहे।

### क्रीड़ा शुल्क अनुदान के संबंध में विद्यालयों के प्राचार्य और संचालकों के शिविर का किया गया आयोजन



लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम से गठित टीम क्रीड़ा शुल्क अनुदान के संबंध में विकासखंड में शासकीय नवीन हाई स्कूल सिवनीमालवा में शासकीय विद्यालयों एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालकों के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला कीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, संस्था के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार पाटिल, दीपक चंद्रोल एवं शादाब खान खेल एवं युवक कल्याण से नारायण बावरिया एवं अन्य सदस्य द्वारा वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक क्रीड़ा अनुदान की राशि नहीं देने वाले विद्यालयों के प्राचार्य को आमंत्रित किया गया और शुल्क जमा कराए जाने से संबंधित कार्रवाई की गई। उक्त शिविर में विकासखंड के 30 स्कूल से शुल्क प्राप्त होना था, जिसमें से जिन स्कूलों द्वारा शुल्क जमा नहीं किया गया।

# जनप्रतिनिधियों ने तालाब के संवर्धन के लिए किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरूवार 13 जून को वार्ड क्रमांक 3 में माता जी के मंदिर से पूजा अर्चना कर मंदिर के पास स्थित तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया तथा तालाब में उपस्थित जनप्रतिनिधि विधायक ठाकुर दास नागवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी, रमेश पटेल मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण, वार्ड के नागरिक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों औऱ नगर परिषद के समस्त कर्मचारीयों द्वारा श्रमदान किया गया और जल संरक्षण के लिए नारे लगाए और सभी को पानी का मानव जीवन में क्या महत्व है के संबंध में विधायक श्री नागवंशी द्वारा बताया गया। उन्होंने तालाब में वर्षा जल एकत्रिकरण के लिए जहाँ से तालाब में पानी प्राप्त हो सकता है वहा पाईप डालकर तालाब में वर्षा जल एकत्रित करने औऱ नगर परिषद को शीघ्र कार्य योजना बनाने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी एवं नगर परिषद बनखेड़ी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज रक्तदान के लिए जागरुक करेगा बैतूल

**बैतूल।** शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में बैतूल जिले में अभिनव पहल की जा रही है समस्त सामाजिक संगठनों के प्रयास से कार्यक्रम में मशाल व रक्तक्रांति की तख्तियां लेकर आज बैतूल शहर सड़क पर उतरकर रक्तदान जागरूकता का संदेश देगा साथ ही झांकी तैयार की गई है यह रहेगा रुट चार्ट -जिला चिकित्सालय से प्रारंभ,आंबेडकर चौक,कारगिल चौक, गंज गुरुद्वारा,मैकेनिक चौक गंज,कांतिशिवा चौक,रेलवे स्टेंशन गज ,दिलबहार चौक (एच मार्ट किराना), तांगा स्टेंड, गुप्ता बर्तन भंडार,गुप्ता लाइफ स्टाइल,बाबू चौक,आभा श्री होटल,कालेज चौक,मुर्गीचौक,कमानी गेट,थाना चौक,लल्ली चौक,बस स्टैंड कोठीबाजार,स्टेडियम चौक,शिवाजी चौक, शिवाजी आडोटोरीयम बैतूल। रैली में यह रहेंगे शामिल - रक्तदान पर झांकी,सैनिक संघ की झांकी,रक्तदान जागरूकता संगीत,पूर्व सैनिक,महिला शक्ति,पुरुष रक्तदाता,नर्सिंग छात्र,कालेज छात्र,चौपहिया वाहन,ब्लड वेन आदि समापन पर। रक्तक्रांति सम्मान भी रखा गया है।

### किराए का वाहन लगाने में गोलमाल की आशंका

**आमला।** जनपद पंचायत आमला में अंधा बाटे रेवड़ी चीन चीन के दे कहावत जनपद से जुड़े एक मामले में बिलकुल सटीक बैठ रही है। पूर्व पदस्थ रहे सीईओ दानिश अहमद खान के कार्यकाल से जुड़ा एक मामला सामने आया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जनपद पंचायत में सहायक ग्रेड 2 के पद पर पदस्थ बबन उमरे के पुत्र के नाम से एक वाहन किराए से लगाया था। जिसका क्रमांक एमपी 40 टी 1028 है। जो कि बबन उमरे के पुत्र के नाम से दर्ज है। इस संबंध में सूचना के अधिकार मांगी गई जानकारी आज तक पूरी नहीं दी गई है। इससे प्रतीत होता है कि वाहन अटैचमेंट को लेकर साठगांठ कर कुछ गोलमाल किया गया है? जनपद आमला सीईओ संजीत श्रीवास्तव का कहना है कि वाहन नियमानुसार होना चाहिए में इसकी नियमावली देखकर बताता हूं।

### भंडारे के साथ अखंड रामायण संपन्न



**बैतूल।** नहिं दरिद्र सम दुख जग माहीं। संत मिलन सम सुख जग नाहीं पर उपकार बचन मन काया। संत सहज सुभाउ खगराया याने जगत में दरिद्रता यानी गरीबी के समान कोई दुख नहीं है तथा संतों के मिलने के समान जगत में कोई सुख नहीं है। क्योंकि मन, वचन और शरीर से परोपकार करना ही संतों का सहज स्वभाव है। महान संत आपको अच्छे विचार देते हैं, जिससे आप समाज की भलाई के लिए काम करते हैं। समाजसेवी एवं वरिष्ट पत्रकार अरविंद मालवीय के निवास खंजनपर में पंडित श्रीराम शुक्ला के द्वारा पूजन अर्चना के साथ अखंड रामायण का पाठ विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर अरविंद मालवीय ने बताया कि इस पवित्र ग्रंथ का पाठ मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें इस ग्रंथ ने हमें निरंतर आगे बढ़ते हुए विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस पवित्र ग्रंथ की सभी चौपाई हमें हमारे कष्टों से मुक्ति दिलाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप मालवीय, संदीप मालवीय, प्रीति चौकसे, शानू, सरोज मालवीय, आराध्य चौकसे, आध्या चौकसे का सराहनीय योगदान रहा। बाबा दरबार अमोरी रामायण मंडल के सदस्यों विजय कुमार बावने, रामदास बेले, ताईजी, सुधाकर धोटे, सावन राने, शिवकुमार, नारायण हरसुले, राजू बाथरी, अन्ना पंवार, राजेश खातरकर आदि श्रद्धालुओं ने संगीतमय अखंड रामायण पाठ किया गया। अरविंद मालवीय ने आभार व्यक्त किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

---

#### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज मुलताई प्रवास पर रहेंगे प्रदेश के मुखिया

# बैतूल को 1008 विकास कार्यों की सौगात देंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मुलताई प्रवास पर रहेगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जिले भर के 347 करोड़ रुपए की लागत से 1008 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। अपने अल्प प्रवास के दौरान वे जल संसाधन विभाग के सीतलझिरी मध्यम उदवहन परियोजना अंतर्गत 276.13 करोड़ रुपए, नगरीय विकास विभाग अंतर्गत अमृत योजना 2.0 पेयजल नेटवर्क अंतर्गत 11.07 करोड़ के कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जल संवर्धन अंतर्गत 8.90 करोड़ के कार्य, जनजाति विभाग अंतर्गत आदिवासी कन्या आश्रम के 2.75 करोड़ के कार्य, नगरीय विकास जल संवर्धन अंतर्गत 0.92 करोड़ के कार्य, किसान कल्याण विभाग अंतर्गत अनुविभागीय कृषि अधिकारी कार्यालय के लिए 0.53 करोड़ के कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल योजना के लिए 10 करोड़ के कार्य, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र कोसमी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिए 9.9 करोड़ के कार्य, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के 9.1 करोड़ के काम, प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत पुल निर्माण हेतु 8.8 करोड़ के कार्य नगरीय विकास विभाग अंतर्गत सीसी रोड एवं डामरीकरण कार्य 6.32 करोड़ के कार्य तथा नगरीय विकास अंतर्गत अन्य निर्माण कार्यों के लिए 1.94 करोड़ के कार्य शामिल है।

### हेलीपैड पर केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं विधायकगण करेंगे अगुवाई

मुख्यमंत्री डॉ.यादव का हेलीकॉप्टर 11 बजे मासोद में हेलीपैड पर लैंड करेंगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत एवं अगवानी पुष्प गुच्छ के साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद डीडी उईके, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक डॉ. चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही विधायक डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा की जाएगी।

### सीएम का जगह-जगह होगा स्वागत, रोड शो व कलशयात्रा

मुख्यमंत्री डॉ.यादव शुक्रवार दोपहर 11 बजे मुलताई पहुंचेगे, जहां से पुराना नागपुर नाका पर उनका स्वागत होगा। इसके बाद अंबेडकर चौक पर उनका स्वागत के बाद भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो ताप्ती तट के महाआरती द्वार पहुंचेगी जहां मुख्यमंत्री द्वारा ताप्ती तट पर मां ताप्ती के दर्शन एवं तट पर जलाभिषेक करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसके बाद उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर वे विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन भी उपस्थित रहेगे।

#### कार्यक्रम की गरिमा और भव्यता का रखें ध्यान- कलेक्टर

### मुख्यमंत्री आगमन के पूर्व तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुक्रवार को मुलताई आगमन की पूर्व तैयारियों की कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअली एवं समक्ष में उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.यादव के हेलीपैड स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, कारकेट, पर्याप्त बेरीकेडिंग, अतिथि कक्ष एवं चिकित्सा दल के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन और एडीएम राजीव नंदन श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव विश्व पर्यावरण पखवाड़े के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोगों को अभियान से जोडने के लिए रथ यात्रा के माध्यम से जनसमुदाय से आव्हान करेंगे। इस यात्रा में महिलाएं एवं कन्या कलश सिर पर रखकर इस यात्रा की अगुवाई करेंगी। यात्रा के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ.यादव मां ताप्ती की पूजा-अर्चना करेंगे।

---



### जामठी में बच्चों ने रंगोली चित्रकला से दिया पानी बचाने का संदेश







**बैतूल।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 16 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत जामठी में ग्रामीणों एवं बच्चों के द्वारा रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया। बच्चों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देती शानदार चित्रकारी एवं रंगोली उकेरी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 16 जून को ग्राम पंचायत द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत के पुराने कुएं एवं बावडियों की साफ-सफाई भी की गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों की सफाई, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए जिले में आगामी 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनमानस को जल संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया जा रहा है।

---

## पुलिस ने किया 24 लाख रुपए का माल जब्त दो आरोपी गिरफ्तार

#### 48 घंटे के अंदर चोरी का पर्दाफाश



**बैतूल।** फरियादिया ललिता पति उकंड्या खांतरवार उम्र 60 वर्ष निवासी पुराना बस्था जेल चौक के पाना प्रताप वार्ड बैतूल ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि एवं उसका परिवार उसके भांजे की शादी दिनाक 09.06.24 को भोपाल में होने के कारण भोपाल गया था घर भजाते समय उसके छोटे बेटे अजय ने घर के सामने के मेन दरवाजे की कुण्डी ऐसे ही लगा दी थी और बाहर के चाली वाले दरवाजे पर ताला लगा दिया था और वो लोग भोपाल निकल गये फिर दिनांक 10.06.24 की सुबह 5 बजे वापस अपने घर आये तो उसने देखा कि घर के जाली वाले दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और यो घर के अंदर जैसे ही घुसे तो घर के अंदर के दीवान का पल्ला उठा हुआ था और उसमें रखा हुआ सामान बिखरा हुआ था, और उन्होंने अंदर के कमरे में जाकर देखा तो वहां भी लोहे के ड्रम और पेटी के ताले खुले पड़े थे और सारा सामान बिखरा हुआ था, और उनमें अंदर रखा हुआ रानी हार 2, छोटा रानी हार 2, मंगलसूत्र 2, चौन लॉकेट, सहित 2, सोने की अंगूठी जेंट्स की 2 लेडिस की, झुमकी 3 जोड़ी, झाले 3 जोड़ी, कान के 3 जोड़ी, एक दानी भाला, पायल नयी वाली 3 जोड़ी, 2 जोड़ी पुरानी पायल, सोने की चौन 1 जोड़ी, छोटी हाय 3, पायल मोटी धोर, कान के गोल टॉप्स, बच्चों के चांदी के कड़े, दस मोती के पेंडल सहित, आठ मोती नया पेडल सहित, सोने के एक कंगन 1 जोड़ी, एक बड़ा मंगलसूत्र बैंडल सहित, गोल रिंग 2, बच्चे के चांदी के सिक्के 6, नाक का मुखड़ा 2 और इसके अलावा तीन लाख पचास हजार रूपये जो हमारी तीन बीसी के रूपये थे जो मैंने एक साथ रखे थे, और 4 एतीएम कार्ड जिनमे उनके पिन नम्बर उनमें लिखकर रखे हुए है ये सभी उनमें नहीं थे, जिन्हें कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में गठित टीम ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य के आधार पर संदेहियों लकी उर्फ पपिंदर पिता गुरनाम सिंह 26 निवासी डॉन बास्को के सामने सदर बैतूल एवं आकाश उर्फ मोनू पिता जवाहरलाल मालवी 32 निवासी लिंक रोड टिकारी बैतूल को सांपना डैम के आगे साई मन्दिर के पास से घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ की जिन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने ही बच्चा जेल चौक के पास 10 जून की रात्रि में घर के दरवाजे में लगे ताले को तोड़कर चोरी की। जिसमें आरोपियों के कब्जे से मशरुका चांदी 4 नग चांदी के सिक्के, 2 जोड़ी पुरानी इस्तेमाली पायल, 2 नग बच्चे के चांदी के ब्रेसलेट, 1 बड़ी चेन पेंडल सहित 8 मोती पेंडल, 2 नग मंगलसूत्र सोने के, 3 जोड़ी सोने के झुमके, 1 जोड़ी ओल ईयर रिंग, 3 नग सोने की अंगूठी, नाक का मुखड़ा और एक लोग, 3 जोड़ी चांदी की पायल नयी, 1 जोपडी मोटी पायल घोर, 1 नग सोने का रानी हार, 1 नग बड़ा मंगलसुत्र, 3 जोड़ी सोने के झाले, एक पतली चौन लाकेट, 1 जोड़ी गोल कान के टॉप्स, 10 मोती पेंडल सहित, 3 बड़े और 2 छोटे सोने के टॉप्स और कुल नकदी 71580- रुपए जब्त किए। करीबन 24 लाख रुपए का माल जब्त किया। आरोपियों की तलाश पतासाजी एवं गिरफ्तारी करने में निरीक्षक देवकरण देहरिया थाना प्रभारी कोतवाली, उपनिरीक्षक नितिन उईके, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक नवनीत वर्मा, आरक्षक शिव उईके, आरक्षक 94 अभिजीत, आर. दीपेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका थी।

## मोड़ीढाना में भूगर्भीय हलचल से मकान में आई दरारों का क्या है सच- भूकंप या स्टोन





**बैतूल।** ताप्ती किनारे स्थित ग्राम पंचायत सराड के मोड़ीढाना ग्राम में भूगर्भीय हलचल से घरों की दीवारों में दरारें आने और सीमेंट शीटों के सरक जाने की खबर थी। मंगलवार को दोपहर 12 बजे अचानक धरती के हिलने की वजह से ग्राम मोड़ीढाना के रहवासियों में दहशत व्याप्त है। जिस वक्त धरती हिली ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए घरों की दीवारों में दरारें देख सभी डरे सहमे हुए हैं। इस संबंध में हरिभूमि में प्रमुखता से समाचार प्रसारण के बाद प्रशासन की टीम हरकत में आई और खनिज अधिकारी मनीष पल्लेवार, स्थानीय पटवारी सहित अन्य महकमा मोड़ीढाना पहुंचा। प्रशासनिक टीम ने यहां ग्रामीणों से चर्चा की, इसके अलावा आसपास के क्षेत्र में जांच भी की गई। जिला खनिज अधिकारी मनीष पल्लेवार ने परिधि न्यूज से चर्चा में बताया कि मोड़ीढाना के आसपास दो गिट्टी खदानें (स्टोन क्रेशर) हैं इन खदानों में ब्लास्टिंग की वजह से भूगर्भीय हलचल से मकान में दरारें पड़ सकती है। इसके अलावा पंचायत सराड में ही मोड़ीढाना के पास एक वीक जोन है जिससे स्थानीय भूकंप की आशंका भी जताई जा रही है। 800 मीटर एवं पौने दो किलोमीटर के दायरे में गिट्टी खदानें ग्राम मोड़ीढाना से पौने दो किलोमीटर एवं 800 मीटर के दायरे में दो गिट्टी की खदानें हैं। खनिज अधिकारी द्वारा मोड़ीढाना की घटना के बाद दोनों ही खदानों के कागजात चेक किए गए। जिसमें 800 मीटर दूर स्थित खदान में 30 मई को ब्लास्टिंग किए जाने के साक्ष्य सामने आए हैं।

#### वीक जोन से भूकंप की आशंका का दिया जा रहा हवाला

*खनिज अधिकारी की माने तो वह स्वयं एक जियोलॉजिस्ट भी है इसलिए उन्होंने भूकंप की आशंकाओं को देखते हुए क्षेत्र में परीक्षण किया। उनके मुताबिक इस क्षेत्र में दो फाल्ट लाइन एवं लिनियामेंट (वीक जोन) है जिससे स्थानीय भूकंप का अंदेशा भी उनके द्वारा लगाया जा रहा है। हालांकि उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि पूर्व में कभी इस क्षेत्र में भूकंप का कोई रिकॉर्ड नहीं है। तो क्या गुपचुप तरीके से हुई ब्लास्टिंग? जहां जिम्मेदार अधिकारी यह मान रहे हैं कि मोड़ीढाना में ब्लास्टिंग एवं भूकंप दोनों ही वजह से मकान घरों की दीवारों में दरारें आ सकती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगो का कहना है कि मोड़ीढाना से 800 मीटर की दूरी पर जो खदान है उसमें गुपचुप तरीके से ब्लास्टिंग की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोड़ीढाना के समाचार प्रमुखता से प्रसारित होने के बाद खदान से संबंधित लोग भी मोड़ीढाना पहुंचे और ग्रामीणों से उन्होंने मुलाकात की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोड़ीढाना वासियों को खदान मालिक द्वारा आश्वस्त किया गया है कि भविष्य में खदान में जो ब्लास्टिंग की जाएगी उसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि ब्लास्टिंग की गति तेज ना हो। बहरहाल खनिज अधिकारी द्वारा इस संबंध में रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी। सावधान यदि भूकंप की आशंका तो क्या खतरे में है।*

## 36 हजार राजस्व प्रकरणों का 3 माह में निराकरण

#### कलेक्टर की नियमित समीक्षा के सार्थक परिणाम





बैतूल। किसान हो या आमजन उसकी पहली प्राथमिकता उसका खेत, उसकी जमीन होती है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने किसान की प्राथमिकता को अपनी प्राथमिकता में सर्वोपरि स्थान दिया। उन्होंने 3 माह में ही राजस्व के 36 हजार प्रकरणों का निराकरण कराया। इसके अंतर्गत 18 हजार 138 नामांतरण के, 2 हजार 734 बंटवारे के, 3 हजार 163 सीमांकन के प्रकरण शामिल है। इसके अलावा रिकार्ड दुरुस्ती के एक हजार 165, नक्शा दुरुस्ती 52 हजार 436 और स्वामित्व योजना के 13 हजार 883 प्रकरणों को निराकृत किया गया। भू अधिकार पत्र, धारणाधिकार के 517 प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण कराया गया। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का भी समयावधि में सकारात्मक निराकरण करने वाले प्रदेश के अग्रणी 10 जिलों में बैतूल शामिल हुआ। कलेक्टर सूर्यवंशी ने 2 जनवरी 2024 को अपना पदभार ग्रहण करने के बाद पाया कि जनसुनवाई हो, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन अथवा सीधे शिकायत हो, अधिकतर आवेदन राजस्व प्रकरणों से संबंधित है। किसान हो या आमजन उसे अपने जमीन के सीमांकन, बंटवारे, नक्शे आदि को पूरा करने के लिए खेत में कम उसका ज्यादा समय पटवारी और तहसील के चक्कर लगाने में गुजर जाता है।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर की भाजी नदी और हर्रा नाले की सफाई



बैतूल। जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 16 जून गंगा दशहर तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गवासेन, भुरभुर एवं चिरापाटला के तत्वावधान में ग्रामीणों ने बुधवार को चिचोली के ग्राम भुरभुर की भाजी नदी और गवासेन में हर्रा नाले की साफ-सफाई की। इस दौरान नाले में पनपी झाड़-झाडियों एवं कचरे को अलग किया गया। अभियान के माध्यम से जनमानस को स्वच्छता एवं जल संरक्षण, संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। म.प्र. जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में तालाब, बावड़ी गहरीकरण, नदी, नालों की सफाई, ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए जिले में आगामी 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जनमानस को जल संवर्धन और संरक्षण के लिये प्रेरित किया जा रहा।

## पूर्णतः दृष्टि बाधित दिलीप कुमार को मिली पीएचडी



**बैतूल।** कहते हैं मेहनत करने का जज्बा हो तो कोई भी विकलांगता आड़े नहीं आती है। ऐसा ही करिश्मा, बैतूल के पूर्णतः दृष्टि बाधित दिलीप कुमार बारपेटे ने कर दिखाया है। उनके हौसले ने दिखा दिया कि कोई भी लक्ष्य अभेद नहीं होता है। बडोरा निवासी दिलीप कुमार बारपेटे को क्रिटिकल एप्रेसल ऑफ मिल्टन पोएट्री पर शोध उपरांत बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सेहरा में अंग्रेजी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक और स्व.सुखनंदन बारपेटे एवं श्रीमती गुलजा बारपेट के पुत्र दिलीप बारपेटे ने यह शोध कार्य डॉ.एसबी हसन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। संभवत दिलीप बारपेटे, जिले के अंग्रेजी साहित्य के पहले पूर्णता दृष्टि बाधित शोधकर्ता हैं जिन्हें यह उपाधि मिली है।

#### एक और श्रीकांत

दिलीप की सफलता की कहानी भी हाल ही में प्रदर्शित फिल्म श्रीकांत से मिलती-जुलती है। पीएचडी के लिए दिलीप ने ही स्क्रीन रीडिंग सॉफ्टवेयर की सहायता से स्वयं ने ही पूरी थिसिस टाईप की है। सॉफ्टवेयर की ही सहायता से उन्होने पावर पाइंट प्रजेंटेशन बनाया। कक्षा 12वीं तक पाढर ब्लाइंड स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने के बाद जेएच कॉलेज में एमए अंग्रेजी साहित्य से किया। पीएससी द्वारा आयोजित होने वाली राज्य पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। एक रोचक वाक्य यह भी है की दिलीप ने जिस अंग्रेज कवि मिल्टन पर शोध कार्य किया है वह भी दृष्टिबाधित थे।

#### सरकारी कागज में मृत घोषित कर दिए लोगों के लिए खास

# बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा की पहल हां..मैं जिंदा हूं.. बालाजीपुरम का अभियान

2021 में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी की फिल्म कागज आई थी जिसमें एक बैंडबाजे वाले को कागज में मृत घोषित कर दिया था और फिर वो 19 साल लड़ाई लड़ कर अपने आप को जिंदा साबित कर पाता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ऐसे ही हजारों लोग हैं जो लंबी कानूनी लड़ाई के सामने हार कर खुद को जिंदा साबित नहीं कर पाते हैं। ऐसे ही जिंदा मृत लोगों का एक संगठन भी मृतक संघ नाम से है। जिसके अध्यक्ष लाल बिहारी पर ही ये बेहतरीन फिल्म भी बनी है। अब ऐसे ही पीडित लोगों के लिए सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने नई पहल की है। इस पहल में ऐसे पीड़ित लोगों की हर तरह से मदद की जाएगी।

गौरतलब है कि भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल में सेवा और न्याय के लिए सतत अभियान चलाए जाते हैं। अब एक नया अभियान हां..मैं जिंदा हूं..आरंभ किया जा रहा है। इस संबंध में बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने बताया कि लंबे समय से मंदिर और अन्य जगह पर उनके सामने ऐसे मामले आते रहते हैं जिनमें लोगों



को जमीन आदि कई मामलों में कागज में मृत घोषित कर दिया जाता है जबकि वो जीवित रहते हैं। ऐसे में व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित होकर खुद को जिंदा साबित करने के लिए दर-दर भटकता रहता है। ऐसा ही मुलताई का एक मामला तब सामने आया था जब मुख्यमंत्री की सभा में तथाकथित मृतक ने खुद को जिंदा होने की बात उठाई थी। एनआरआई वर्मा ने बताया कि बालाजीपुरम मंदिर में एक कार्यालय इस संबंध में खोला जा रहा है जहां ऐसे पीड़ित व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैतूल जिले या बाहर के जो भी लोग इस गलत कागजी कार्रवाई के शिकार हों वो बालाजीपुरम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उनके आने-जाने, आवास-भोजन से लेकर वकील आदि का समस्त व्यय बालाजीपुरम संस्थान उठाएगा। साथ ही उन दोषियों को सजा दिलाने का प्रयास करेगा जिनकी गलती से ये पीड़ा और अन्याय किसी व्यक्ति को सहना पड़ा है। वर्मा ने सभी भक्तों से अपील की है कि यदि उनकी जानकारी में ऐसे लोग हों तो उनकी जानकारी बालाजीपुरम कार्यालय पहुंचाने में मदद करें। इसके बाद संस्थान स्वमेव उनसे संपर्क कर आगे की कार्रवाई करेगा।

### योगाचार्य गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राएं करेंगे फाइनल रिहर्सल

# स्वस्थ जीवन जीने के लिए होगा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय दिवस पर योग

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम पूरे देश प्रदेश एवं नर्मदापुरम जिले में भव्य रूप से मनाया जाएगा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

जिले में सेठानी घाट में प्रातः 7 से योग का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों, संस्थाओं विद्यापीठों, अधिकारी कर्मचारी व्यापारीगण, समाजसेवी संस्थाओं एवं स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं , सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेकिन इसके पूर्व आज 14 जून को 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल की जाएगी। आज प्रातः 7 बजे से सेठानी घाट में योगाचार्य, छात्र-छात्राएं, समाजसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, विभिन्न संघ एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, अधिकार एवं कर्मचारी, स्कूल व कॉलेज के छात्र-छात्राएं योग के फाइनल कम डाउन रिहर्सल के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रावत ने 21 जून को सेठानी घाट में आयोजित होने वाले योग के कार्यक्रम की फाइनल रूपरेखा के संबंध में गुरुवार को योगाचार्यों, स्वयं सेवी संस्थाओं के सदस्यों, अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में रावत ने बताया कि 21 जून को जिला स्तर पर, तहसील स्तर पर, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर योग के कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक और पॉजिटिव एनर्जी देने वाला कार्यक्रम है, जिसमें समाज की सभी वर्गों की स्वेच्छा से भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि नगर पालिका सेठानी घाट में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी। रावत ने सभी योगाचार्य एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को ज्यादा से ज्यादा योग के प्रति मोटिवेट करें, उन्हें योग से मिलने वाले लाभ बताएं। रावत ने कहा कि योग का मुख्य उद्देश्य है कि लोग तन और मन से स्वस्थ रहें, हमेशा प्रसन्नता का अनुभव करें। उन्होंने बताया कि पचमढ़ी एवं धूपगढ़ में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने सभी योगाचार्य से कहा कि वह योग की गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार करें और लोगों को बताएं कि इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुघ्न सिंह बिसेन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी से सफेद परिधान में आने का अनुरोध किया गया है। स्कूल के बच्चे एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपने यूनिफॉर्म में रहेंगे। उन्होंने सभी को इस सकारात्मक पॉजिटिव कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया। बैठक में योगाचार्य एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किये एवं सुझाव दिए। रावत ने कहा कि सभी सकारात्मक सुझावों को प्रमुखता से अमल में लाया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेस्टोबॉल चैंपियनशिप में बॉयस टीम ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



7 से 9 जून तक बैंगलोर के चिक्कबल्लपुर जिले के सर एमवी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय सेस्टोबॉल चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के बालक एवं बालिकाओं ने हिस्सा लिया जिसमें सब जूनियर बॉयस टीम ने पहली बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश को मैडल दिलाकर इतिहास रच दिया। बालिका टीम क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंची। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम के हेड कोच एवं अंतरराष्ट्रीय रेफ़री उत्कर्ष मालवीय एवं सहायक कोच करन केवट की भूमिका अहम रही। मध्यप्रदेश टीम ने राष्ट्रीय चैम्पीयनशिप में अपना पहला मैडल कोच उत्कर्ष मालवीय के नेतृत्व में जीता है।

बैंगलोर में ही आयोजित साउथ एशियन सेस्टोबॉल चैम्पियनशिप में साउथ एशिया के विभिन्न देशों की टीमों ने भाग लिया। साउथ एशियन चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के उत्कर्ष मालवीय का चयन अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी के रूप में हुआ एवं उन्होंने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विश्वास कैलाश सारंग खेल मंत्री मध्यप्रदेश शासन, डॉ. सीताशरण शर्मा विधायक नर्मदापुरम, दानी सिंह ठाकुर अध्यक्ष मध्यप्रदेश सेस्टोबॉल एसोसिएशन, छाया मालवीय अध्यक्ष नर्मदापुरम सेस्टोबॉल असोसीएशन, नौशाद अली सचिव मध्यप्रदेश सेस्टोबॉल एसोसिएशन, हरिओम पाटीदार कार्यवाहक सचिव मध्यप्रदेश सेस्टोबॉल एसोसिएशन, मेहरबान सिंह चौहान संस्थापक पशुपतिनाथ धाम, उमेश चौकसे एवं अजय चौकसे संचालक नालंदा मॉडल हायर सेकंड्री स्कूल , गनपत सिंह सिसोदिया सदस्य नर्मदापुरम सेस्टोबॉल एसोसिएशन आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी एवं टीम का रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में विधायक ने किया श्रमदान

**नर्मदापुरम।** गतदिन ग्राम पंचायत धड़ाव पड़ाव में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधिओ ने श्रम दान किया गया । कलश यात्रा निकाली गई, जन सुनवाई भी की गई।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**नर्मदापुरम।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। बताया गया है कि आयुष विभाग नर्मदापुरम के विभिन्न आयुषमान आरोग्य मंदिर आयुष में जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर विमला गढ़वाल के निर्देशन में योग प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार दिया जा रहा हैं।

## क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर

बुधवार को नव चयनित पीएम श्री शाला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला ,माखन नगर में पीएम श्री शाला के सुचारू क्रियान्वयन के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एकीकृत शाला के कक्षा 1 से 12 तक अध्यापन कराने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शाला के प्रभारी प्राचार्य निधीश गुरु ने पीएम श्री शाला के उद्देश्यों और लक्ष्य के बारे में मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर रमसा नर्मदापुरम से एडीपीसी राजेश गुप्ता एवं एपीसी विनोद तिवारी निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए एवं उन्होंने भी पीएम श्री शाला के सुचारू संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया।

## राष्ट्रपति के नाम विहिप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

विश्व हिंदू परिषद के तमाम पदाधिकारी के द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि 9 जून को जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी में पानी क्षेत्र के वैष्णो देवी दर्शन को जाने वाले भक्तों की बस पर गोलीबारी कर 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या वी 30 श्रद्धालुओं को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। जिसके अंतर्गत बताया गया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से रास्ते में पढ़ने वाले गांव में 9 जून सन 2024 को हिंदू श्रद्धालुओं को बस पर पाकिस्तान घोषित इस्लामी जिहादी क्रूर आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें 10 निर्दोष मारे गए 30 30 30 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए इसके कारण यह कृत्य नंदिनी है पूरा देश आहत है इसलिए देशवासियों में तीव्र आक्रोश होने से केस प्रकरण पर आरोपियों को तत्काल कार्रवाई करने हेतु बताया गया है कि धारा 370 हटाने के बाद एक सुधार हुआ था लेकिन उग्रवादियों का मनोबल अभी काम नहीं हुआ है वह हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या करने की बड़ी घटनाएं कर रहे हैं जिसके कारण पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों का हाथ है ऐसा विश्व हिंदू परिषद के द्वारा ज्ञापन में कहा गया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से निर्णायक और कठोर कदम उठाने की अपील की है जिसमें उन्होंने कहा है कि जम्मू कश्मीर में शांतिप्रिय व्यवस्था लागू की जावे जिसमें ज्ञापन सौंपने वालों में पुष्पेंद्र भार्गव नारायण शर्मा अभिषेक दुबे आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने विभिन्न खेलों की बारीकियां सीखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर



खेल युवक कल्याण विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक माह के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन शासकीय सीएम राइज विद्यालय के मैदान पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालक विकासखंड खेल अधिकारी सुनील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर सोनिया मीणा, पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, वंदना रघुवंशी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में विभिन्न संस्थाओं के 62 बालक बालिकाओं ने वॉलीबॉल रोप स्कीपिंग का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त किया। 12 जून तक चले इस शिविर के समापन पर शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर बच्चों को सम्मानित किया गया इस शिविर में एक माह तक खेलों का प्रशिक्षण भावना सोलंकी, नैना शर्मा, सुजल शर्मा द्वारा प्रदान किया गया अतिथियों द्वारा इन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अतिथि के रूप में लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक वर्मा, संजय वर्मा पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक राजेंद्र कुशवाह सहायक निरीक्षक शिवदयाल साहू, सीएम राइज प्राचार्य कृष्ण कुमार दुबे, कमलेश वर्मा खेल समन्वयक सुषमा अहिरवार एवं वशिष्ठ खिलाड़ी तरुण उपाध्याय उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता के जन्मदिन पर नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद के द्वारा पौधरोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया उसके पश्चात एक निजी गार्डन में निशुल्क नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ श्याम सोडानी नायक नेत्र चिकित्सक ने बताया कि लगभग 50 लोगों के द्वारा नेत्र का परीक्षण कराया गया।

जिसमें भोपाल से आई एक निजी अस्पताल की टीम के द्वारा लगभग 30 लोगों को चिन्हित किया गया जिन्हें निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया है। डॉक्टर के द्वारा ऑपरेशन के पश्चात सभी हितग्राहियों को पिपरिया वापस लाकर छोड़ा जाएगा।

## एडीपीसी ने किया स्कूल का निरीक्षण गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनीमालवा



लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एडीपीसी राजेश गुप्ता ने सिवनी मालवा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चतरखेडा, शासकीय नवीन हाई स्कूल बाबरी, शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी का निरीक्षण किया शासकीय पीएम श्री माध्यमिक शाला बाबरी मे शिक्षक संवर्धन प्रशिक्षण में भी उपस्थित हुए उपस्थिति के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की समीक्षा की गई साथ ही सभी शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन दिए उसके पश्चात पीएम श्री विद्यालय के द्वारा अभी तक जो कार्य किए गए हैं उनका गहन निरीक्षण किया इसमें बच्चों के द्वारा उन्होंने अभी तक पीएम श्री स्कूल में क्या-क्या सीखा इसके बारे में भी पूछा गया, कंप्यूटर कैसे चलाते है विद्यालय में पढ़ाई का स्तर कैसा है आकलन किया साथ ही बाल वाटिका के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, शिक्षण सत्र से शाला में विधिवत्त रूप से संचालन हो इस प्रकार की दिशा निर्देश प्रदान किए गए। इसी के साथ आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता युक्त होना चाहिए निगरानी एवं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा 15 जून तक समस्त कक्षाओं की साफ सफाई पूर्ण करते हुए संचालन किया जाए निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य चतर खेड़ा वंदना मिश्रा, हाई स्कूल प्राचार्य रुचि गौर, पीएम प्रधान पाठक सुरेंद्र पटेल, एसआर तेकाम, संध्या यदुवंशी, रेखा केवट आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर हुई निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनीमालवा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिवनी मालवा द्वारा गुरूवार को टैगोर पब्लिक स्कूल सिवनी मालवा में जल एवं पर्यावरण पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 30 बालक बालिकाओं ने भाग लिया मप्र जन अभियान परिषद के विकास विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा द्वारा जल एवं पर्यावरण के महत्व को बताया गया एवं सभी छात्र छात्राओं अपने-अपने जन्मदिन पर एवं अपने माता-पिता के जन्मदिन पर एक-एक वृक्ष लगाने का सभी छात्रों ने संकल्प लिया नवांकुर संस्था द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजनकर्ता जागरण युवा समिति सिवनी मालवा लक्ष्मी जन कल्याण समिति सिवनी मालवा ग्राम विकास समिति गाजनपुर शाला की प्राचार्य दीपाली अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजेश सराठे, सुगना लोवंशी, सुनील सिंगोरिया एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## अंतरराष्ट्रीय विहिप, बजरंग दल ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर



जम्मू कश्मीर के रियासी में हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 तीर्थ यात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 32 तीर्थ यात्री बुरी तरह घायल है आतंकियों के द्वारा भारत के हिंदू तीर्थ यात्रियों के ऊपर हमला करने का स्पष्ट संकेत है कि आज भी हिंदू धार्मिक तीर्थ यात्री सुरक्षित नहीं है पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं होती रही है। मणिपुर में हुई हिंसा पंजाब में बढ़ता उग्रवाद आतंकवाद तथा हाल ही में जम्मू रियासी में हुई घटना की स्पष्ट संकेत है कि देश में आतंकवादियों का मनोबल बढ़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल घटना को लेकर दुखी एव आक्रोशित है। हम मांग करते हैं कि केंद्र सरकार जम्मू रियासी के मृतक ब घायलों को उचित न्याय तथा इस घटना को करने वाले आतंकवादियों को चिन्हित कर फांसी की सजा दिलवाएं।

जिससे देश में हो रही आतंकवाद की घटनाओं को रोकने के लिए देश से आतंकवाद का सफाया हो एवं मृतक एवं घायल श्रद्धालुओं को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान की जाए साथ ही धार्मिक यात्रियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल विभाग प्रमुख अमित मिश्रा, दिनेश शर्मा, राजू वर्मा, नील मिश्रा, सुनील परसाई, अखिलेश प्रजापति, अनन्य मालवी, हर्ष प्रजापति, अभिषेक गोस्वामी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

# प्रदर्शन: कलेक्ट्रेट के सामने बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तान का पुतला, डिप्टी कलेक्टर को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर






कलेक्ट्रेट के सामने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला जलाया। बजरंगियों के द्वारा वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रियों पर पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुश्वाहा के नेतृत्व में विभिन्न पदाधिकरियों और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद रजावत को दिया। निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्रियों की हत्या करने वाले पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों को शीघ्र जहान्नूम पहुंचाने और इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी समुचित इलाज कराने की मांग बजरंगियों के द्वारा केंद्र सरकार से की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुयों की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया था जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, जिनमे महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हैं, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली इस घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिलाध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है। लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी गई हैं।

## जहानपुर में मूंग की नरवाई जलाते समय हादसा : खेत में बनी झोपड़ी में आग लगने से भूसा समेत लाखों के कृषि यंत्र जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



बुदनी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जहानपुर में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां खेत में मूंग की नरवाई जलाते समय आग फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में रखा भूसा और लाखों रुपए का खेती का सामान भी जलकर खाक हो गया। वहीं, सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार, हादसा बुधवार सुबह 11:30 बजे हुआ। रवेंद्र सराठे व जितेंद्र सराठे के खेत में मूंग की नरवाई जलाई जा रही थी, उसी दौरान आग अचानक फैल गई और खेत में बनी झोपड़ी में आग लग गई, जिससे भूसा और अन्य कृषि यंत्र जल गए। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत आग पर काबू पाने की कोशिश की और फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

किसान के अनुसार झोपड़ी में रखा भूसा और खेती के उपकरण जल गए, जिसमें उसे करीब 1.5 लाख का नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र की टेमागांव चौकी के अंतर्गत आने वाले वरुड़घाट रोड पर गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए टिमरनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। वहीं दूसरी बाइक सवार दो अन्य युवकों को गम्भीर चोट लगने के चलते जिला अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम उसकल्ली का रहने वाला राजा पिता रामभरोस काजले उम्र 17 साल टेमागांव से उसकल्ली जा रहा था। वहीं वरुड़घाट निवासी युवक सियानंद एवं परमानंद बाइक से टेमागांव की तरफ आ रहे थे। दोनों बाइक तेज रफ्तार से आ रही थी। जिसके चलते उनमें भिड़ंत हो गई। जिसमें उसकल्ली निवासी रामभरोस काजले की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। जिसके परिजन अपने किसी रिश्तेदार के यहां शामिल होने चारखेड़ा गए हुए थे। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया है।

### बेटे ने की पिता से मारपीट, मामला दर्ज

**हरदा।** टिमरनी थाना में एक पिता ने अपने बेटे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम पिपल्या कला में रहने वाले कोमल सिंह राजपूत ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका बेटा दुर्गाशंकर और वह खुद टिमरनी मंडी में मूंग की फसल बेचने गए थे। इस दौरान फसल 22 हजार रुपए में बिकी थी। जब पिता और पुत्र घर आए तो पिता ने अपने बेटे से बेची गई फसल के रुपए मांगे तो बेटे दुर्गाशंकर ने उन्हें ग्यारह हजार रुपए दिए। जब पिता ने बाकी रुपए मांगे तो बेटा अपने पिता के साथ गाली गलौज करने लगा और उसके बाद बांस के डंडे से मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने पिता की शिकायत पर बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### जिला स्तरीय समिति गठित

**हरदा।** राज्य शासन ने राज्य में पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं इसके घटक के रूप में शासकीय भवनों में सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया है। समिति मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जिला लीड प्रबंधक, जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी, एवं अध्यक्ष द्वारा नामित विषय-विशेषज्ञ सदस्य होंगे। समिति द्वारा योजना के सभी घटकों के अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जायेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय बनाना, सभी सरकारी भवनों को रूफटॉप सोलर से संतृप्त करने की कार्य योजना तैयार करना। सरकारी भवनों में रूफटॉप सोलर की स्थापना की स्थिति की समीक्षा करना और मिशन मोड में सभी सरकारी भवनों की संतृप्ति के लिए कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी और पर्यवेक्षण करना। विशेष रूप से सरकार की अन्य योजनाओं के लाभार्थियों में, रूफटॉप सौलर के लिए जागरूकता, क्षमता निर्माण और योजना क्रियान्वयन के लिए मैदानी स्तर पर विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना। योजना की प्रगति की हर 3 माह में समीक्षा करना होगी ताकि समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

### आज आयोजित होंगे रक्तदान शिविर

**हरदा।** रक्त की पर्याप्त उपलब्धता एवं सभी को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के लिए विश्व रक्तदाता दिवस पर 14 जून शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम आलमपुर एवं जिला चिकित्सालय हरदा में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदाताओं के पंजीकरण को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक स्वस्थ व्यक्तियो को नियमित स्वैच्छिक रक्तदाता बनाने के लिये प्रोत्साहित करना है। उन्होने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त अधिक सुरक्षित होता है।

---

### सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा: मंत्री करणसिंह

# सुरक्षित कल के लिए जल का संरक्षण हम सबकी महती आवश्यकता है: सिलावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर



जल ही जीवन का आधार है। पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल के इसी महत्व को देखते हुए भारतीय संस्कृति में जल की पूजा होती आ रही है। आने वाले कल के लिए जल संरक्षण महती आवश्यकता है। यह बात जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट में इछावर जनपद के ग्राम कांकरखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में कही।

मंत्री सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अभियान से जहां एक ओर जल के संरक्षण और संवर्धन में मदद मिलेगी वहीं दूसरी और पर्यावरण में भी सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत नदी, तालाब, कुओं, बावड़ी आदि जल सरचनाओं का जीर्णाद्धार और नवीनीकरण कर उन्हें उपयोगी बनाया जायेगा। केचमेट एरिये से अवरोध हटाकर पानी के आवक में वृद्धि की जायेगी। तालाबों के किनारों पर हरित क्षेत्र बफर जोन तैयार किया जायेगा। हमारा प्रयास है कि वर्षा के जल को ज्यादा से ज्यादा संचित कर भू-जल स्तर में वृद्धि की जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश का अभियान है, पूरे समाज का अभियान है। इस अभियान में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था 70 प्रतिशत कृषि पर आधारित है और पानी के बिना खेती किसानी संभव नहीं है। खेती साथ-साथ लोगों की जरूरतों के लिए भी पानी का संचयन करना होगा। उन्होंने कहा कि हम इतना पानी का संचय कर लें कि हर गांव, हर शहर पानी के लिए अत्म निर्भर हो जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील है कि वे अपने स्तर पर भी जल का संचयन के लिए छोटे छोटे प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के नदियों को जोड़ने की दूरदर्शिता का परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। केन बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती चंबल कालीसिंध आदि परियोजनाओं पर काम चल रहा है। मंत्री सिलावट ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। वर्ष 2006 में प्रदेश की सिंचाई का रकबा सात लाख हेक्टेयर था जो बढ़कर आज 47 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि साल 2025 में खेती का रकबा 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है।

### क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे: राजस्व मंत्री वर्मा

*कांकरखेड़ा में आयोजित जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है। हम सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। वर्षा के जल को जितना अधिक रोक सकें रोकना होगा। नदी, तालाबो, कुओं, बावड़ियों, पोखर के साथ ही सभी जल स्त्रों की सफाई, गहारीकरण एवं जीर्णाद्विारा करना होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा पानी जमा किया जा सके। राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि इछावर क्षेत्र के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उहोंने ने कि इछावर की जनता का सम्मान ही मेरा सम्मान है। मैं आपनी जनता के हर सुख-दुख में साथ हूँ और उनके कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए निरन्तर काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंन कहा कि प्रदेश के लोगों को राजस्व संबंधी कामों के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए दो माह तक राजस्व अभियान चला गया, जिसमें 30 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों निरकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह नियम बना दिया गया है कि सम्पति की खरीदी बिक्री के 20 दिन के अन्दर नामान्तरण हो जाएगा।*

---

### खनिज विभाग ने जारी किया आदेश

## तालाबों से निकली गाद व मिट्टी के उपयोग पर रॉयल्टी नहीं लगेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

खनिज विभाग द्वारा तालाबों के गहरीकरण से प्राप्त कीचड़, गाद, मिट्टी के बिना रॉयल्टी के परिवहन के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। खनिज विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार तालाबों के गहरीकरण से निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी की स्थानीय ग्रामीणों, ग्राम स्तरीय संगठनों और किसानों को यदि गैर-व्यवसायिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, तो उनके आवेदन पर संबंधित विभाग एवं ग्राम पंचायत निःशुल्क कीचड़, गाद, मिट्टी की अनुमति दे सकेंगे और इसके परिवहन के लिये स्थानीय ग्रामीणों के ग्राम स्तरीय संगठनों, कृषकों को न कोई रॉयल्टी देय होगी और न ही परिवहन अनुज्ञा की आवश्यकता होगी।

प्रमुख सचिव ने स्पष्ट किया है कि ग्राम स्तरीय संगठनों अथवा किसानों द्वारा कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग अथवा ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें भी किसी प्रकार की रॉयल्टी भुगतान अथवा परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। खनिज संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव निकुंज श्रीवास्तव ने निर्देश में कहा कि विभाग की अनुमति से तालाब, बाँध, नहर, स्टाप-डेम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है। ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी का उपयोग यदि संबंधित शासकीय विभाग द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णतः उपयोग किया जाता है, तो ऐसी कीचड़, गाद, मिट्टी पर कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी और ऐसी निकाली गई कीचड़, गाद, मिट्टी के परिवहन के लिये नियमों के अधीन कोई परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित अथवा संधारित किसी तालाब, स्टॉप-डेम, जल निकाय से कीचड़, गाद, मिट्टी निकाली जाती है और उसका उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में पूर्णतः किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में कोई रॉयल्टी देय नहीं होगी।

### जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रमों में प्रवेश प्रकिया प्रारंभ

**खंडवा।** जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीनियर, जूनियर, महाविद्यालयीन, अनुसूचित जाति, जनजातीय छात्रावास, आश्रमों में छात्र-छात्राओं हेतु वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। प्रवेश हेतु एमपी टॉस पोर्टल पर प्रोफाईल पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी, वर्तमान उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची, समग्र आई.डी, राशन कार्ड एवं नवीनतम दो फोटो की आवश्यकता होगी। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि विद्यार्थी इच्छुक छात्रावास/आश्रम में प्रवेश हेतु संस्था के अधीक्षक/अधीक्षिका के पास 20 जून, 2024 तक आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते है।

---

## वार्डों में किया पौधरोपण



**हरदा।** नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 वीर दुर्गादास वॉर्ड में 2 पार्कों में पौधरोपण किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाएँ। पेड़-पौधों से ही धरती समृद्ध और हम सबका जीवन खुशहाल और आनंददायी होगा। वृक्षारोपण से होगा सुरक्षित कल। जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए दृढ़ संकल्पित मध्यप्रदेश सरकार नदी, कुएं, तालाब, बावड़ियों एवं अन्य जलस्रोतों के संरक्षण व साफ-सफाई हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जुटी हुई है। जन-मानस को भी इसके लिए जागरूक कर रही है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती क्रमेड़िया, मुख्यनगरपालिका आधिकारी कमेलश पाटीदार, सांसद प्रतिनिधि राजू क्रमेड़िया,पार्षद कुंवर सिंग सानियाजी, विनोद गुर्जर, लक्ष्मण सिटोले, हुकुम बघेला एवं अन्य वॉर्डवासी नागरिक गण नगरपालिका के आधिकारी गण कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल ने गुरूवार को हरदा शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। इस दौरान हरदा शहर की अकील खान डेरी से मिल्क सेंपल, सांई बाबा डेरी से दही, कलश इंटरप्राइजेस से सोया तेल तथा शिवा किराना स्टोर्स से हल्दी, मैदा व सुपारी, मूंगफली दाने के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरदा राजेन्द्र कांबले ने बताया कि सभी सैम्पल खाद्य परीक्षण प्रयोग शाला भेजे जायेंगे तथा रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जायेंगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल भी उपस्थित थी।

## रंगोली और मानव श्रृंखला बना कर बताया जल संरक्षण का महत्व

### एसपी, जिपं अध्यक्ष, सीईओ और अपर कलेक्टर ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶हरदा

जिले में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व उनके गहरीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर परिषद सिराली द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में 101 पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, पुलिस अधीक्षक अभिनव चोकसे, नगर परिषद अध्यक्ष अनिता अग्रवाल एवं स्थानीय पार्षदगण व समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि ने भी पौधरोपण किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत सिराली में विशाल आकार की आकर्षक रंगोली और मानव श्रृंखला बनाकर स्थानीय नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित किया गया।



---

## भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत खालवा तहसील का गठन किसानों के हित में नई पहल

**खंडवा।** खालवा भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत के अंतर्गत खालवा तहसील का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम भाईडिया और जिला अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, तहसील मंत्री अशोक गौर, उपाध्यक्ष गुलाब चंद पटेल, शिवनारायण धुर्वे, युवा वाहिनी गजानंद जायसवाल, महिला संयोजिका नीता सरवर, प्रचार मंत्री दुर्गा रघुवंशी और संचालनकर्ता सौरभ जैन का चयन किया गया।



तहसील अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने इस अवसर पर बताया कि खालवा तहसील में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए यह संगठन तत्पर रहेगा।संगठन के उपाध्यक्ष सुभाष पटेल ने बताया कि संगठन के गठन का प्रमुख उद्देश्य अत्याधुनिक कृषि उपज उप मंडी की स्थापना, खाद की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करना और उद्धवन सिंचाई योजना को जल्द से जल्द चालू करवाना है। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों ने मिलकर संगठन के आगामी कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की और उन्हें लागू करने के लिए रूपरेखा तैयार की।

### अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का बुरहानपुर में नहीं हो पा रहा चेकअप

**बुरहानपुर।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है जो 19 अगस्त तक चलेगी। लाखों की संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल होते हैं, लेकिन उनका यात्रा से पहले चेकअप बुरहानपुर में नहीं हो पा रहा है। खंडवा जाना पड़ रहा है। ताप्ती सेवा समिति की ओर से गुरूवार दोपहर मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि चेकअप की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर कराई जाए। प्रशासन द्वारा यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का रजिस्ट्रेशन करते समय स्वास्थ्य चेकअप सर्टिफिकेट जमा कराया जाता है। बुरहानपुर जिले से भी हर साल काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के दर्शन करने जाते हैं। स्वास्थ्य चेकअप को लेकर आ रही परेशानी को लेकर गुरुवार को ताप्ती सेवा समिति सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। समिति अध्यक्ष सरिता भगत ने कहा जिले से यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य चेकअप के लिए खंडवा जाना पड़ रहा है जबकि बुरहानपुर में सर्व सुविधायुक्त स्व. नंदकुमार सिंह चौहान जिला अस्पताल है। यहां आसानी से चेकअप हो सकता है। इसके बावजूद खंडवा भेजा जा रहा है।

### धनगांव पुलिस का सफल ऑपरेशन

## पानी की मोटर चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**खण्डवा।** धनगांव पुलिस ने पानी की मोटर चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन को सफल किया। फरियादी तरूण रामकृष्ण पटेल की शिकायत पर, पुलिस ने अपराध क्र. 145/24 धारा 379 भादवि के तहत जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक मनोज राय खंडवा के निर्देशन में, थाना प्रभारी धनगाँव निरीक्षक विजय वर्मा ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की। उनकी टीम ने बावडिया रोड पर दो व्यक्तियों को मोटर साइकिल पर पानी की मोटर लेकर जाते हुए पकड़ा।

#### गिरफ्तार हुए आरोपियों के नाम

1. जगदीश पिता नरसिग भीलाला, उम्र 40
2. हीरालाल पिता मोहन टकारा, उम्र 45

चोरी की मोटर की कीमत प्रति नग बताई गई 12000/- रुपये।

इस ऑपरेशन में धनगांव थाना प्रभारी विजय वर्मा, रामलाल सेलवाने,महादेव, और ओमप्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी कार्यवाही ने चोरों को न्यायालय में पेश किया और उन्हें खंडवा जेल भेज दिया।

---

### महापौर अमृता अमर यादव ने वाटर प्लांट का किया निरीक्षण

# 'समयावधि के पूर्व पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो'

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा



स्थाई रूप से पानी की समस्या को दूर करने के लिए जनप्रतिनिधियों के अनुरोध पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश शासन द्वारा अमृत टू योजना अंतर्गत चारखेड़ा से खंडवा तक पाइपलाइन विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस पाइपलाइन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है, चारखेड़ा के आसपास लगभग 9 किलोमीटर पाइपलाइन डाली जा चुकी है, और निरंतर कार्य चल रहा है समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर अमृता अमर यादव ने एमआईसी सदस्यों पार्षदों एवं जल विभाग के अधिकारियों के साथ चारखेड़ा पाइपलाइन प्रोजेक्ट एवं वाटर प्लांट का निरीक्षण किया, योजना अंतर्गत नई पाइप लाइन 38 किलोमीटर में डाली जाना प्रस्तावित है, जिसमे से 9 किलोमीटर की पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है, बचे हुए कार्य में सबसे महत्वपूर्ण एवं अहम हिस्सा बैकवाटर होते हुए 700 मीटर की पाइपलाइन डालने का है जिसे पानी को अस्थाई रूप से रोक कर किया जा रहा है। महापौर यादव ने इस काम को 7 दिनो के भीतर करने के निर्देश दिए ताकि मानसून आने पर किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े एवं प्रस्तावित समय से पहले पूरा प्रोजेक्ट पूरा करने के भी निर्देश दिए । ताकि यह प्रोजेक्ट एक उदाहरण बन सके एवं बार बार लाइन फूटने से लोगों को होने वाली समस्या से निजात मिल सके, चल रही पाइपलाइन का निरीक्षण महापौर अमृता यादव द्वारा बारीकी से किया गया, डल रहे हैं पाइपों को भी देखा और उपस्थित जल विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से भी पाइपलाइन को लेकर चर्चा की, इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों से चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण अमृता यादव ने कहा कि अमृत टू योजना अंतर्गत लगभग 137 करोड रुपए की चारखेड़ा से खंडवा तक 38 किलोमीटर पाइपलाइन के माध्यम से खंडवा में नर्मदा का जल पहुंचेगा, पाइपलाइन के साथ शहर में पांच बड़ी टंकियां का निर्माण एवं नया फिल्टर प्लांट भी बनना प्रस्तावित है,शहर में व्याप्त पानी की समस्या को दूर करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चौहान द्वारा यह स्वीकृति प्रदान की गई थी, इसका कार्य तेज गति से किया जा रहा है, आज हमने डल रही पाइपलाइन का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए की अच्छी गुणवत्ता के साथ पाइपलाइन डालने का कार्य किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की पानी की समस्या शहरवासियों को ना हो, लगभग 9 किलोमीटर पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो चुका है, और लगातार इस योजना अंतर्गत कार्य चल रहा है।

बैकवाटर के बाद उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं निगम अधिकारी कर्मचारी चारखेड़ा वाटर प्लांट पहुंचे,महापौर ने प्लांट पहुंच कर हर एक प्रक्रिया को समझा एवं पंप हाउस फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया, चारखेड़ा के साथ ही चारखेड़ा प्लांट के पास बने तितली पार्क में भी पहुंच कर पार्क में घूम कर उसका आनंद लिया, निरीक्षण के दौरान महापौर अमृता अमर यादव, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, जल समिती अध्यक्ष राजेश यादव, मेयर इन काउंसिल सदस्य सोमनाथ काले, अनिल वर्मा, विक्की बावरे आदि रहे मौजूद।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित हुए विभिन्न कार्य



**खंडवा।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक संचालित होगा। इस अभियान का मुख्य उद्धेश्यय नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण करना है। इसी क्रम में खण्डवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि ग्राम पंचायत पिपल्या फुल, ग्राम सिवना, ग्राम पंचायत रामपुरी, ग्राम पंचायत अम्बपाट में नाला गहरीकरण का कार्य किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत डुल्हार, ग्राम पंचायत सैयदपुर, ग्राम पंचायत देवल्दी, ग्राम पंचायत चारखेडा एवं ग्राम पंचायत कुक्षी में नाला विस्तारीकरण का कार्य कराया गया। इस अभियान के तहत ग्राम नंदगांव में जल निकासी एवं चेकडेम का गहरीकरण व गाद निकासी तथा ग्राम पंचायत रोहनाई एवं ग्राम मौजवाड़ी माल में तालाब गहरीकरण का कार्य किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत खैगांव में स्टॉपडेम निर्माण, ग्राम जलकुंआ में चेक डेम मरम्मत सह नाला क्षमता विस्तारीकरण तथा बल्दीनाला चेकडेम का जीर्णोद्धार का कार्य किया गया।